कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की रोमांटिक एंटरटेनर 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' का वर्ल्ड टीवी प्रीमियर



एक संयोग भरी मुलाकात, अनपेक्षित प्यार और दिल की ख्वाहिशों व परिवार की जिम्मेदारियों के बीच एक मुश्किल फैसला। इन्हीं के इर्द गिर्द घूमती है 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' की कहानी। रोमांस, हँसी मज़ाक, पारिवारिक जज्बातों और प्यार में पड़ने की खुशी से सजी यह फिल्म दिखाती है कि क्या दो लोग अपने परिवार की उम्मीदों और जिम्मेदारियों के बीच अपने रिश्ते को निभा पाते हैं। देखिए 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' का प्रीमियर, ज़ी सिनेमा पर, रविवार, 18 अक्टूबर, दोपहर 12 बजे। समीर विद्वांस के निर्देशन में बनी 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' में कार्तिक आर्यन रेहान 'रे' मेहरा के किरदार में हैं, जो अमेरिका में रहने वाला एक आत्मविश्वासी और बेफिक्र वेडिंग प्लानर है। वहीं, अनन्या पांडे रूमी वर्धन सिंह के किरदार में हैं, जो एक ऐसे प्यार की तलाश में है, जिसमें सच्चाई हो और रिश्ता दिल से जुड़ा हो। फिल्म की कहानी दो ऐसे लोगों की है, जिनकी सोच और व्यक्तित्व एक दूसरे से बिल्कुल अलग हैं, लेकिन फिर भी वो अनजाने में एक दूसरे की तरफ खिंचे चले आते हैं। हँसी-मज़ाक भरी नोकझोंक, दिल छू लेने वाले पल और अपने परिवारों से गहरे जुड़ाव के बीच उनका रिश्ता धीरे धीरे मजबूत होने लगता है। लेकिन, तभी उन्हें एक मुश्किल हकीकत का सामना करना पड़ता है। अपने परिवार के प्रति उनकी जिम्मेदारियाँ उन्हें साथ भविष्य बनाने से रोक सकते हैं। रोमांस, जज्बातों और पारिवारिक ड्रामे से सजी यह फिल्म प्यार और फर्ज के बीच संतुलन बनाने की चुनौती को सामने लाती है। यह सवाल भी उठाती है कि क्या रे और रूमी परिवार की उम्मीदों और ज़िंदगी में जरूरी समझौतों के बीच अपने रिश्ते को निभा पाएँगे? फिल्म में जैकी श्रॉफ, नीना गुप्ता और कई अन्य कलाकार भी अहम् सहायक भूमिकाओं में नज़र आएँगे। दिलकश अदाकारी, हल्की फुल्की कॉमेडी, खूबसूरत लोकेशन्स और परिवार के साथ बिताए दिल छू लेने वाले पलों से सजी 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' एक ऐसी एंटरटेनर है, जो प्यार, रिश्तों और हमारी ज़िंदगी को आकार देने वाले लोगों की अहमियत का जश्न मनाती है।

आईसीआईसीआई लाइफ के मुनाफे में 26.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी

पहली छमाही में 760 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ

प्रयागराज -वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में कंपनी के व्यक्तिगत सुरक्षा बीमा कारोबार में सालाना आधार पर 47.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई जबकि पेंशन और नियमित आय देने वाली वार्षिकी योजनाओं के कारोबार में 50 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसके परिणामस्वरूप, व्यक्तिगत बीमा का कुल बीमित मूल्य सालाना आधार पर 34.9 प्रतिशत बढ़कर 2.32 लाख करोड़ रुपये हो गया। यह ग्राहकों को मिलने वाले बीमा कवर में उल्लेखनीय विस्तार को दर्शाता है।कंपनी का नया कारोबार प्रीमियम पहली छमाही में सालाना आधार पर 25प्रतिशत बढ़कर 11,821 करोड़ रुपये हो गया। नए कारोबार का मूल्य (वीएनबी) 22.3 प्रतिशत बढ़कर 1,283 करोड़ रुपये रहा, जबकि वीएनबी मार्जिन 26 प्रतिशत दर्ज किया गया। इस दौरान, कंपनी का कर पश्चात लाभ (पीएटी) 26.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 760 करोड़ रुपये पर पहुँच गया। आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) सिद्धार्थ मिश्रा ने कहा ग्राहकों को प्राथमिकता देना हमेशा से आईसीआईसीआई लाइफ के कामकाज का मूल सिद्धांत रहा है और आने वाले वर्षों में भी हमारी सभी गतिविधियों का मार्गदर्शन यही सोच करेगी। सुरक्षा बीमा और वार्षिकी योजनाएँ हमारी दीर्घकालिक रणनीति के केंद्र में हैं। इनके माध्यम से हम भारत में उन जरूरतों को पूरा कर रहे हैं, जिनके लिए अभी पर्याप्त बीमा कवरेज उपलब्ध नहीं है।

संक्षिप्त

पाकिस्तान में सड़क हादसों में आठ लोगों की मौत, नौ घायल

पेशावर (एजेंसी)। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शुक्रवार को दो अलग-अलग सड़क हादसों में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गयी और नौ अन्य घायल हो गये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, प्रांत के पहाड़ी इलाके बुनेर जिले में एक यात्री वैन पलट गयी, जिससे छह लोगों की मौत हो गयी और आठ अन्य घायल हो गये। अधिकारियों ने बताया कि हादसे की सूचना मिलने के बाद बचाव दल मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक अन्य घटना में चरसद्दा में एक ट्रक की चपेट में आने से दो बच्चों की मौत हो गयी और एक अन्य घायल हो गया। बचाव अधिकारियों के अनुसार, मृतकों की पहचान मुबीन (पांच) और सैफुल्लाह (11) के रूप में हुई है। यासीन (14) घायल हो गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

टायर फैक्टरी में लगी आग, दो झुलसे

यमुनानगर (हरियाणा) (एजेंसी)। यमुनानगर जिले के छछरौली थाना क्षेत्र के गांव बलाचौर में शुक्रवार सुबह एक टायर फैक्ट्री में तेज धमाके के बाद भीषण आग लग गयी। धमाके की आवाज करीब तीन किलोमीटर दूर तक सुनाई दी, जिससे आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गयी। हादसे के समय फैक्ट्री में करीब 25 मजदूर मौजूद थे। इनमें कुछ फैक्ट्री परिसर में बने क्वार्टरों में थे, जबकि कुछ अंदर काम कर रहे थे। हादसे में दो लोग झुलस गये, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं। आग पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग की आठ गाड़ियों को बुलाया गया। फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूर हरबंस और लेखराज ने बताया कि वे बलाचौर स्थित एमएस यश ट्रेडिंग कंपनी में काम करते हैं। शुक्रवार सुबह वे फैक्ट्री परिसर में बने कमरे में मौजूद थे। करीब 11 बजे अचानक तेज धमाका हुआ, जिससे पूरा कमरा हिल गया। धमाके की आवाज सुनकर वे तुरंत बाहर निकले तो फैक्ट्री से आग की ऊंची लपटें उठती दिखाई दीं। देखते ही देखते आग ने परिसर के बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। मजदूरों ने आशंका जताई कि फैक्ट्री में बैलून फटने के कारण धमाका हुआ होगा। हालांकि, धमाके और आग लगने के वास्तविक कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। आग इतनी भीषण थी कि फैक्ट्री परिसर में खड़ा एक ट्रक पूरी तरह जलकर राख हो गया। ट्रक पर लदे हजारों टायर भी आग की भेंट चढ़ गये। इसके अलावा फैक्ट्री में रखे अन्य टायरों को भी नुकसान पहुंचा है। आग के कारण लाखों रुपये का नुकसान होने की आशंका जतायी जा रही है। हालांकि, नुकसान का वास्तविक आकलन अभी नहीं हो पाया है। हादसे में जिला लखीमपुर, उत्तर प्रदेश निवासी महेश और एक ट्रक चालक झुलस गये। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। घटना के समय फैक्ट्री में करीब 25 मजदूर मौजूद होने की जानकारी सामने आयी है। जानकारी के अनुसार, फैक्ट्री में पुराने टायरों से तेल निकालने का काम किया जाता है। यह इकाई काफी समय से संचालित हो रही है। शुक्रवार सुबह आग लगने के बाद परिसर में रखे टायरों के कारण आग तेजी से फैल गयी। छछरौली थाना प्रभारी वेदपाल भी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है, जबकि दमकल विभाग की टीमें आग पर काबू पाने में जुटी हुई हैं।

रविवार से मंगलवार तक विशिष्ट अनुष्ठान व आराधना में लीन रहेंगे मुख्यमंत्री

गोरखपुर (आससे)। शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ की पावन तपोस्थली गोरक्षपीठ में शारदीय नवरात्र की प्रतिपदा से जारी आध्यात्मिक अनुष्ठान रविवार से अपने सबसे विशिष्ट और पावन पड़ाव की ओर अग्रसर होंगे।

गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार से मंगलवार तक अनवरत तीन दिनों तक विशेष अनुष्ठान, पूजन और पारंपरिक उत्सवों में लीन रहेंगे। अष्टमी (रविवार, 18 अक्टूबर) की शाम वह गोरक्षपीठ के पारंपरिक निशा पूजा में सम्मिलित होंगे जबकि सोमवार (19 अक्टूबर) को नवमी तिथि पर उनके द्वारा कन्या पूजन का अनुष्ठान किया जाएगा।

यहां भी पढ़ें

-:Website:-
www.ajhindidaily.com
-:For e-Paper:-
www.ajhindidaily.com/

आज गौरव शाली परंपरा का १०७वां वर्ष

निःशुल्क ई-पेपर सब्सकाईब करें।

मौसम

सूर्योदय : ०५.५६
सूर्यास्त : ०५.३०

तापमान

अधि. : ३४.७
न्यून. : २३.०

राहुल नौजवानों की ऊर्जा को अराजकता बढ़ाने में लगा रहे हैं- राजनाथ सिंह

लखनऊ (आससे)। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि दिल्ली में पिछले दो दिनों में हुए घटनाक्रम गंभीर सवाल खड़े करते हैं। कांग्रेस और उसके सहयोगी दल नौजवानों की ऊर्जा को अराजकता बढ़ाने में लगा रहे हैं। वो बांग्लादेश की तरह हिंसा करके रिजीम चेंज करने की बात कर रहे हैं। उनका निशाना एसआईआर और ज्ञानेश कुमार नहीं है बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को ध्वस्त करना इनका एजेंडा है। वो बांग्लादेश की तरह हिंसा फैलाकर रिजीम चेंज करने की बात कर रहे हैं। राहुल गांधी को समझना चाहिए कि लोकतंत्र अराजकता फैलाने या भारत के विकास में बाधा डालने का लाइसेंस नहीं है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ में प्रेस कांफ्रेंस कर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आरोपों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कभी भी चुनावी प्रक्रिया पर सवाल नहीं उठाये जबकि कांग्रेस ने जमकर अनियमितताएं की हैं। कांग्रेस के लोग चुनाव आयोग जो कि एक संवैधानिक संस्था है उसे बदनाम करने का काम कर रहे हैं। राहुल गांधी का हाइड्रोजन बम दीवाली का पटाखा साबित हुआ। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की लगातार पराजय का कारण वोट चोरी नहीं है बल्कि काम चोरी है। 1984 के



बाद कांग्रेस को कभी भी केंद्र में पूर्ण बहुमत नहीं मिला है जबकि भाजपा उस समय दो लोकसभा सीटों की पार्टी थी जिसने 2014 और 2019 में केंद्र में पूर्ण बहुमत की सरकार बनायी। उन्होंने कहा कि इस मामले में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी पर भी ध्यान देना चाहिए। राहुल गांधी को जनमत का सम्मान करते हुए काम करना चाहिए। भारत के भविष्य की जिम्मेदारी सबकी है। हमें टकराव नहीं संवाद का मार्ग चुनना चाहिए। कांग्रेस के शासन काल में तीन बड़े अक्षम्य अपराध हुए। इंदिरा जी की ओर से इमरजेंसी लगायी गयी। 1984 में सिख भाईयों का नरसंहार हुआ और 1990 में रामभक्तों का खून बहाने वालों की सरकार को बचाया गया। रक्षामंत्री ने कहा कि इंदिरा जी ने आपातकाल लगाकर देश के लोकतंत्र को सलाखों के पीछे डालने का काम किया।

राहुल गांधी संविधान को अपनी जेब में रखते हैं। कांग्रेस ने चुनाव आयोग को कठपुतली बना रखा था। 1993 में चुनाव आयोग में रातोंरात दो चुनाव आयुक्त नियुक्त किये गये। कांग्रेस के नेहरू गांधी परिवार के करीबी नवीन चावला को देश का मुख्य चुनाव आयुक्त बनाया गया। रक्षामंत्री ने कहा कि 1993 से वोटर आईडी कार्ड होता ही नहीं था। जबसे वोटर कार्ड आया तब से कांग्रेस ने अपने दम पर सरकार नहीं बनाई। यूपी में 1985 के बाद विजय हासिल नहीं हुई। उन्होंने कहा कि भाजपा ने मेशा देश की जनता और संवैधानिक संस्थाओं का सम्मान किया। एक सीट पर एक उम्मीदवार की मृत्यु पर चुनाव स्थगित करने का कोई नियम नहीं है।

71 कस्तूरबा विद्यालयों की 2,672 छात्राओं को मिलेगा कौशल प्रशिक्षण

लखनऊ (आससे)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार बेटियों को शिक्षा के साथ कौशल, स्वावलंबन और रोजगार के अवसरों से जोड़ने की दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है। इसी क्रम में प्रदेश के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं को आधुनिक और रोजगारपरक कौशल से लैस करने के लिए 'प्रोजेक्ट प्रवीण' के तहत शैक्षिक सत्र 2026-27 में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने प्रदेश के 71 कस्तूरबा विद्यालयों की 2,672 छात्राओं को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य निर्धारित किया है। प्रशिक्षण कक्षाएं आगामी 2 नवंबर से शुरू होंगी।योगी सरकार की इस पहल का उद्देश्य छात्राओं को पारंपरिक स्कूली शिक्षा के साथ व्यावहारिक कौशल प्रदान करना है, ताकि वे भविष्य में रोजगार प्राप्त करने के साथ स्वरोजगार और उद्यमिता के क्षेत्र में भी आगे बढ़ सकें। विशेष रूप से ग्रामीण और वंचित वर्ग की बालिकाओं को आधुनिक तकनीक और उद्योगों की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण देकर उनके लिए आत्मनिर्भरता के नए अवसर तैयार किए जाएंगे।

एशियाई खेलमें स्वर्ण पदक जीतने वाली महिला कबड्डी टीमसे मिले रेल मंत्री

नयी दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नयी दिल्ली स्थित रेल भवन में भारतीय महिला कबड्डी टीम की खिलाड़ियों से मुलाकात की। इस टीम ने जापान के आइची-नागोया में आयोजित २०२६ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। बीते २६ सितम्बर को हुए फाइनल मुकाबले में भारत की महिला कबड्डी टीम ने ईरान को ३७-३४ से हराकर एशियाई खेलों का अपना खिताब बरकरार रखते हुए स्वर्ण पदक जीता। केंद्रीय मंत्री श्री वैष्णव ने भारतीय रेलवे की महिला खिलाड़ियों को स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी और उनके समर्पण, दृढ़ संकल्प और खेल उत्कृष्टता के दम पर तिरंगे का नाम रोशन करने के लिए उनकी सराहना की। टीम को नीता मोरेश्वर दादवे ने प्रशिक्षित किया और पुष्पा राणा ने कप्तानी की।



मंत्री से मिलने वाले रेलवे खिलाड़ियों में दक्षिण मध्य रेलवे की मुख्य कोच नीता मोरेश्वर दादवे, दक्षिण मध्य रेलवे की रितु नेगी, उत्तरी रेलवे की पूजा, दक्षिण मध्य रेलवे की पिंकी राय और पश्चिमी रेलवे की सोनाली विष्णु शिंगेट और राज रानी शामिल रहीं। भारतीय रेलवे का रेलवे खेल प्रोत्साहन बोर्ड के माध्यम से खेल प्रतिभाओं को पोषित करने का एक लंबा इतिहास रहा है। इसके खिलाड़ियों ने ओलंपिक खेल, विश्व चैंपियनशिप, एशियाई खेल और राष्ट्रमण्डल खेलों सहित प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व किया है।

डॉप्लर रडार देगा यूपी में तूफान-अतिवृष्टि की पूर्व सूचना

लखनऊ (आससे)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार मौसम संबंधी आपदाओं से होने वाले नुकसान को कम करने और लोगों की जान बचाने के लिए तकनीक का सहारा ले रही है। इसी दिशा में प्रदेश में पांच डॉप्लर वेदर रडार स्थापित करने की योजना बनाई और वाराणसी में रडार की स्थापना हो चुकी है, जबकि शेष तीन स्थानों पर काम प्रक्रियाधीन है। इन रडार से मिलने वाले आंकड़ों के आधार पर तेज बारिश, आंधी-तूफान और अन्य गंभीर मौसमी घटनाओं की निगरानी व पूर्वानुमान लगाने में मदद मिलेगी। हर रडार की रेंज लगभग 250 से

मौसम की होगी सटीक निगरानी

गई, जिसमें से दो स्थापित कर दिए गए है। वहीं तीन अन्य शहरों के लिए प्रक्रिया जारी है। इन व्यवस्थाओं से मौसम की निगरानी बेहतर होगी और आपदा से पहले जरूरी कदम उठाने में मदद मिलेगी।

राहत आयुक्त डॉ. ऋषिकेश भास्कर यशोद के मुताबिक प्रदेश में मौसम की निगरानी को मजबूत करने के लिए आजमगढ़, लखनऊ, झांसी, अलीगढ़ और वाराणसी में पांच डॉप्लर वेदर रडार स्थापित करने की योजना बनाई गई। अब तक आजमगढ़ 500 किलोमीटर तक होती है।इन रडार का सीधा फायदा आम लोगों को मिलेगा। मौसम खराब होने की स्थिति में प्रशासन को पहले से तैयारी करने, संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाने और जरूरत पड़ने पर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए समय मिल सकेगा। किसानों को भी मौसम की गंभीर परिस्थितियों के प्रति सतर्क करने में सहायता मिलेगी। इससे फसलों, पशुओं और कृषि कार्यों को होने वाले नुकसान को कम करने की दिशा में बेहतर तैयारी की जा सकेगी।

२० को मुंबई में मिलेंगे रूबियो और जयशंकर

मुम्बई (आससे)। विदेश मंत्री एस. जयशंकर 20 अक्तूबर को मुंबई में अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो के साथ वार्ता करेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इसकी जानकारी दी। जयशंकर इस दौरान अमेरिका की स्वतंत्रता के 250 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में भी शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में वह मुख्य अतिथि होंगे। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान 19 और 20 अक्तूबर को मुंबई के आधिकारिक दौरे पर रहेंगे। इस दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर उनकी मेजबानी करेंगे। यह दौरा ऐसे समय हो रहा है, जब जयशंकर 20 अक्तूबर को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो के साथ भी बातचीत करेंगे। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, 20 अक्तूबर को जयशंकर अमेरिका की स्वतंत्रता के 250 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। इसी दिन उनकी अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो के साथ वार्ता भी होगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि पिछले करीब एक दशक से विदेशी नेताओं और मंत्रियों की मेजबानी दिल्ली से बाहर भी की जाती रही है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने स्पेन के प्रधानमंत्री की वडोदरा में, जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज की अहमदाबाद में और मॉरीशस के प्रधानमंत्री की वाराणसी में मेजबानी की थी। अमेरिका के इलिनॉय राज्य के औरोरा में सामूहिक गोलीबारी की कोशिश से जुड़े सवाल पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने चिंता जताई। उन्होंने कहा कि भारत ने इस घटना के बाद अमेरिकी कानून प्रवर्तन एजेंसियों की कार्रवाई पर ध्यान दिया है। साथ ही, उन्होंने अमेरिका में भारतीय समुदाय के खिलाफ घृणा अपराधों और नस्लीय भेदभाव के बढ़ते मामलों का मुद्दा उठाया। जायसवाल ने अमेरिकी पक्ष से वहां रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा, संरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह घटना भारत के लिए गहरी चिंता का विषय है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 15 अक्तूबर को विदेश मंत्री एस. जयशंकर और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो की प्रस्तावित मुंबई मुलाकात को लेकर केंद्र सरकार और विदेश मंत्रालय पर सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर भारत में रूबियो के दौरे और जयशंकर से उनकी संभावित मुलाकात के बारे में जानकारी दे रहे हैं, जबकि इसकी आधिकारिक घोषणा विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता को करनी चाहिए थी। जयराम रमेश ने सवाल किया कि भारत के भीतर विदेश मंत्री की बैठकों की जानकारी किसी दूसरे देश के राजदूत के माध्यम से क्यों सामने आ रही है।

अमेरिका : 16 साल के स्कूली लड़केने की फायरिंग, 3 मासूमों सहित 5 की मौत

वॉशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिका के ओरेगन राज्य के बेंड शहर में प्राइमरी स्कूल में 16 साल के एक लड़के ने गोलीबारी की। गोली लगने से तीन बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक टीचर भी शामिल है। वहीं, जवाबी कार्रवाई में हमलावर भी मारा गया। बेंड पुलिस चीफ माइक क्रांट्ज़ ने बताया कि गोलीबारी की सूचना मिलने के कुछ ही मिनटों बाद, पुलिस को संदिग्ध व्यक्ति स्कूल के अंदर मृत मिला।

बेंड पुलिस चीफ क्रांट्ज़ ने बताया कि मारे गए तीन बच्चों की उम्र 5, 8 और 11 साल थी। 7 साल का एक और बच्चा और 54 साल के एक टीचर घायल हो गए, जिन्हें गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। पुलिस के अनुसार, हमलावर बेंड का ही रहने वाला था। उसने स्कूल के बंद दरवाज़ों पर गोली चलाकर अंदर जबरन प्रवेश किया। पुलिस प्रवक्ता शीला मिलर ने बताया कि पुलिस अधिकारियों के पहुंचने के कुछ ही देर बाद, हमलावर को गोली लगी और वह स्कूल के अंदर ही गिर गया।

क्रांट्ज़ ने बताया कि दोपहर 1 बजे से ठीक पहले 911 पर पहली कॉल आई। यह कॉल 'सिल्वर रेल एलिमेंट्री' स्कूल के बाहर एक गाड़ी में बैठे व्यक्ति ने की थी, जिसने बताया कि किसी ने लंबी बंदूक से उस पर गोली चलाई है। पुलिस के मुताबिक मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। बेंड पुलिस की प्रवक्ता शीला मिलर ने बताया कि गुरुवार दोपहर 12.59 बजे अधिकारियों को सूचना मिली कि 'सिल्वर रेल एलिमेंट्री' स्कूल में गोलीबारी हुई है। मिलर ने बताया कि पुलिस के पहुंचने के कुछ ही देर बाद हमलावर को गोली लगी और वह स्कूल के अंदर ही गिर गया। यह अभी तक साफ नहीं हो पाया है कि उसे पुलिस ने गोली मारी, वहां मौजूद किसी व्यक्ति ने, या उसने खुद को गोली मार ली। घटना के बाद स्कूल को बंद कर दिया गया। ओरेगन शिक्षा विभाग के अनुसार, पोर्टलैंड से 100 मील (160 किलोमीटर) दूर दक्षिण-पूर्व में स्थित बेंड के इस स्कूल में पिछले साल 459 छात्र नामांकित थे। इस स्कूल में किंडरगार्टन से लेकर पांचवीं कक्षा तक के बच्चे पढ़ते हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। इससे पहले अमेरिका के एक हिंदू मंदिर में हमले की बड़ी साजिश नाकाम हुई थी।

पिनाराई विजयन की मासिक भुगतान मामले में ईडी ने भेजा समन

तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मासिक भुगतान मामले के सिलसिले में विपक्ष के नेता पिनाराई विजयन को समन जारी किया है। पिनाराई को अगले शुक्रवार पूछताछ के लिए पेश होने को कहा गया है। माना जा रहा है कि पेश होने के बारे में फैसला बाद में लिया जाएगा, क्योंकि यह मामला अभी सुप्रीम कोर्ट के विचाराधीन है। साथ ही, विधानसभा सत्र चलने का हवाला देते हुए ईडी को पेश होने में आ रही कठिनाई के बारे में सूचित करने की भी योजना है। ईडीने बताया कि ये समन प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत जारी किए गए हैं। इस मामले में राज्य पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर का संज्ञान लेते हुए केंद्रीय एजेंसी ने भी एक केस दर्ज किया है। अधिकारियों के अनुसार, 81 वर्षीय विजयन को 23 अक्तूबर को कोच्चि स्थित ईडी कार्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है। केरल विजिलेंस एंड एंटी-करप्शन ब्यूरो (वीएसीबी) ने हाल ही में कथित सीएमआरएल रिश्वत मामले के संबंध में विजयन और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ दो एफआईआर दर्ज की हैं। 9 अक्तूबर को केरल हाईकोर्ट ने वीएसीबी को निर्देश दिया था कि वह ईडी की ओर से राज्य पुलिस को सौंपी गई एक रिपोर्ट के आधार पर केस दर्ज करे।केंद्रीय एजेंसी ने मनी लॉन्ड्रिंग विरोधी कानून के तहत अपनी जांच और तलाशी के दौरान जुटाये गये सबूतों के आधार पर केस दर्ज करने की मांग की थी। ईडी का आरोप है कि सीएमआरएल ने आईटी कंसल्टेंसी सेवाओं की आड़ में, विजयन की बेटी वीणा की कंपनी 'एक्सलॉजिक सॉल्यूशंस' (जो अब बंद हो चुकी है) को 2.78 करोड़ रुपये का फर्जी भुगतान किया। वहीं, इस मामले में अब सबकी नजरें सुप्रीम कोर्ट पर टिकी हैं। केरल हाईकोर्ट से झटका लगने के बाद पूर्व सीएम पिनाराई विजयन और उनका परिवार शुक्रवार को शीर्ष अदालत का रुख करने जा रहे हैं। इस कानूनी लड़ाई का असर न सिर्फ दिग्गज सीपीआई (एम) नेता पर, बल्कि अपनी सबसे बड़ी चुनावी हार से उबरने की कोशिश कर रही पार्टी पर भी पड़ेगा। इस बीच, सीपीआई (एम) नेतृत्व ने विजयन के पीछे एकजुटता दिखाई है और केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता के पद से उनके इस्तीफे से इनकार कर दिया है।

पृष्ठ एक और तीन का शेष

तिरंगा मार्च...

जाएगी। वहीं एक अन्य नोटिस में एक साल वाली शर्त का जिक्र है। दीपके को नोटिस देने के लिए दिल्ली पुलिस एनसीपी-एससीपी के प्रवक्ता अनीश गवांडे के घर पहुंची थी। दीपके अनीश गवांडे के घर पर ही ठहरे हुए हैं। सीजेपी ने शुक्रवार शाम पांच बजे से कनॉट प्लेस क सेंट्रल पार्क तिरंगा मार्च निकालने का ऐलान किया है। सीजेपी समर्थक कनॉट प्लेस में तिरंग लेकर जुटे हुए हैं। इस बीच पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। सेंट्रल पार्क के पास भारी सुरक्षा बल भी मुस्तैद है। आम आदमी पार्टी ने तिरंगा मार्च को समर्थन दिया है। वहीं अन्य छात्र संगठन भी सड़कों पर उतरने के लिए तैयार हैं।इधर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर तत्काल सुनवाई से मना कर दिया। देश की सर्वोच्च कोर्ट के समक्ष इस याचिका में सेंट्रल पार्क को बंद करने के की गुहार लगाई गई थी। कोर्ट ने कहा है कि उम्मीद है कि सभी संबंधित पक्ष समझदारी से काम लेंगे। अभिजीत दीपके सीजेपी के संयोजक हैं। जून-जुलाई में दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद से ही वे लगातार केंद्र सरकार को अलग-अलग मुद्दों पर घेरने की कोशिश कर रहे हैं। जून-जुलाई में सीजेपी ने 36 दिनों तक जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया था और यह विरोध प्रदर्शन शिक्षा मंत्री के इस्तीफे के बाद ही खत्म हुआ था।

आदेश अनुचित...

भरपाई के लिए कदम उठाये जायेंगे। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कनॉट प्लेस स्थित सेंट्रल पार्क को बंद करने संबंधी नयी दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर तुरंत सुनवाई करने से इनकार करते हुए कहा कि हम आशा करते हैं कि सभी लोग समझदारी से काम लेंगे। पीठ ने कहा कि इन दिनों में छोटे दुकानदारों की रोजी-रोटी चलती है। हम जानते हैं कि इस फैसले से पूरे परिवारों को कितनी मुश्किलों और परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। न्यायमूर्ति बागची ने कहा अगर कारोबार को नुकसान होता है और हम यह पाते हैं कि आपके मुवक्किलों के संबंध में यह आदेश गैरकानूनी है, तो हम अपने संवैधानिक अधिकारों का इस्तेमाल करेंगे। जब ऐसी स्थिति आयेगी, तब उससे निपटने पर विचार करेंगे। दिल्ली किराना कमेटी और 'दिल्ली आयरन एंड हार्डवेयर मर्चेंट्स एसोसिएशन' की ओर से पेश हुए अधिवक्ता जय अनंत देहाद्राई ने याचिका पर तत्काल सुनवाई करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि विरोध-प्रदर्शन और उसके बाद लगाये गये प्रतिबंधों से प्रतिदिन 200 करोड़ रुपये के कारोबार पर असर पड़ेगा।

दिल्ली पुलिस...

का सामना किया था, लेकिन उनमें से किसी ने जवाब में हाथ नहीं उठाया और पूरी दुनिया ने इसे देखा था। उन्होंने कहा कि पुलिस हड्डियां तोड़ सकती है, सत्याग्रह नहीं। गांधी ने कहा कि देश के युवा, विशेषकर युवतियां, 'निडर, दृढ़ और एकजुट' हैं तथा लोकतंत्र के लिए खड़े हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं उनके साथ खड़ा हूं।

यूपी में पदक...

की सीधी भर्ती हो रही है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर पिछली सरकार के कार्यकाल पर निशाना साधा। कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में भय और अराजकता का ऐसा माहौल था, जहां बेटियों के सपनों पर पहरे थे, हौसलों पर बंदिशें थीं और प्रतिभा अवसर के अभाव में दम तोड़ने को मजबूर थी। खेल के मैदान माफिया के कब्जे में थे, संसाधन नदारद थे और बेटियों की उड़ान को पंख देने के बजाय, उनके सपनों को चारदीवारी में कैद कर दिया गया था। मुख्यमंत्री ने 2017 के बाद आये बदलाव को भी इंगित किया। कहा कि विगत साढ़े 9 वर्षों में प्रदेश में बदलाव की नयी गाथा लिखी गयी है। भय का स्थान सुरक्षा ने लिया है, उपेक्षा का स्थान प्रोत्साहन ने लिया है और संसाधनों के अभाव का स्थान खेल सुविधाओं के विस्तार ने लिया है। गांव के खेल मैदानों और ब्लाक स्तरीय मिनी स्टेडियम से लेकर जिला स्तरीय स्टेडियम, मंडल स्तरीय स्पोर्ट्स कालेज तथा मेरठ में मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय तक, बेटियों को अपनी प्रतिभा निखारने का सशक्त आधार मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि ओलम्पिक, कामनवेल्थ एवं एशियन गेम्स के पदक विजेताओं को लाखों-करोड़ों के पुरस्कार और 'पदक लाओ, पद पाओ' के तहत सीधी भर्ती जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं।

संसद सत्र...

घटनाक्रमों का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने 11 अप्रैल 2026 को भी प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर परिसीमन पर संवैधानिक संशोधन विधेयक लाने से पहले सर्वदलीय बैठक बुलान का आग्रह किया था। लेकिन सरकार ने ऐसा नहीं किया। इसके बाद 14 अप्रैल की देर शाम बिल को सार्वजनिक किया गया और 16 अप्रैल को विशेष सत्र बुला लिया गया। हालांकि, आम सहमति न होने के कारण 17 अप्रैल 2026 को यह विधेयक लोकसभा में दो-तिहाई बहुमत हासिल करने में विफल रहा। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि वह इसके बाद भी 16 जुलाई और 27 अगस्त को पत्र लिख चुके हैं, और अब यह चौथी बार है जब वह सर्वदलीय बैठक की मांग दोहरा रहे हैं।

सऊदी अरबमें...

को रियाद हवाई अड्डे पर हुए हमले में घायल भारतीय नागरिकों में से दो आईसीयू, एक हाई डिपेंडेंसी यूनिट और तीन सामान्य वार्ड में भर्ती हैं। इस बीच, रियाद के किंग खालिद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ान सेवाएं निलंबित हैं, जबकि दम्माम, जेद्दा और मदीना हवाई अड्डों से उड़ानों का संचालन जारी है। भारतीय विमानन कंपनियों ने 17 अक्टूबर तक सऊदी अरब से आने-जाने वाली उड़ानें रद्द कर दी हैं। हालांकि, सऊदी अरब की विमानन कंपनी सऊदिया दम्माम, जेद्दा और मदीना से अपनी निर्धारित उड़ानें संचालित कर रही है।

बुलन्दशहर : पेड़से...

40 किमी दूर डिबाई तहसील के नरौरा थाना क्षेत्र रतनपुर के पास तेज रफ्तार कार पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। पुलिस ने घायलों को निकाला और एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया, जहां से उन्हें हायर मेडिकल सेंटर रेफर कर दिया गया। हादसे में पांच लोगों की मौत हुई है उनकी पहचान कासगंज जनपद के सिढ़पुरा क्षेत्र स्थित गांव देहली बुजुर्ग निवासी रामदीन (50) उनके पुत्र लोकेंद्र और लोकेंद्र की बेटी एक वर्षीय प्रगति, प्रवीन की पत्नी बविता (35) और चालक शिवशंकर मिश्रा (55) के रुप में हुई है।

रोडवेज आउटसोर्स...

देने का आदेश दिया गया। लेकिन शासन के आदेश को दरकिनार करते हुए 8400 रुपये प्रति कर्मी भुगतान किया जा रहा है। ऐसे में परिषद के प्रांतीय महामंत्री गिरीश मिश्र की ओर से प्रबंध निदेशक पीएन सिंह को भेजे गए पत्र को संज्ञान में लेकर प्रधान प्रबंधक श्रम कल्याण अंकुर विकास ने मुख्य प्रधान प्रबंधक प्राविधिक से आउटसोर्स कर्मियों के पारिश्रमिक दरों में बदलाव करते हुए भुगतान की अनुमति मांगी हैं।

मेरठ सांप...

यही बताया गया कि अमित की मौत सर्पदंश से हुई है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस की जांच में हत्या की बात सामने आयी। मामले में अभियोजन पक्ष ने 12 गवाहों के बयान दर्ज कराये थे। सजा सुनाने से पहले न्यायाधीश ने मनुस्मृति का जिक्र करते हुए कहा कि अधर्म कभी धर्म से नहीं जीत सकता। अदालत की टिप्पणी में सावित्री का भी उल्लेख किया गया, जो यमराज से भिड़ गयी थीं।

उज्जैनमें महामंडलेश्वर...

ने पूरी तरह जमींदोज कर दिया। सुबह-सुबह पोकलेन और जेसीबी से हुई कारवाई नगर निगम के भवन अधिकारियों के अनुसार, निगम की टीम ने पूरी योजना के तहत सुबह करीब 5 से 6 बजे के बीच मौके पर दबिश दी। इस विशाल ढांचे को गिराने के लिए चार पोकलेन मशीनों और एक जेसीबी का इस्तेमाल किया गया। सुबह की पहली किरण के साथ ही शुरू हुई इस कारवाई से आसपास के क्षेत्र में हलचल मच गयी। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने और कानून-व्यवस्था बनाये रखने के लिए भारी पुलिस बल और नगर निगम का अमला मौके पर पूरी तरह मुस्तैद रहा।

बेगूसराय : ज्वेलरी...

हुई इस भीषण गोलीबारी से डर कर दुकानदार के मालिक अंदर मौजूद ग्राहक जान बचाकर बाहर की तरफ भाग गए। अपराधियों ने इसका फायदा उठाकर काउंटर और तिजोरी में रखे लगभग 200 ग्राम सोने का आभूषण, 2 किलो चांदी के जेवर और कैश समेट लिया। व्यस्त बाजार में दिनदहाड़े हुई इस वारदात से व्यापारियों में भारी आक्रोश फैल गया। दुकानदारों ने सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस गज बढ़ाने की मांग को लेकर सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। घटना के सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से आठ खोखा बरामद कर बदमाशों का गिरफ्तारी के लिए छापामारी अभियान शुरू कर दिया है।

रेलवे ट्रैकपर...

में एक ड्रोन तैनात है। रेलवे की योजना मार्च 2027 तक इनकी संख्या 22 करने की है। ईस्ट कोस्ट रेलवे के रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने एक जनवरी से 15 सितंबर 2026 के बीच ड्रोन से 3,033 उड़ानें भरीं। इनमें संबलपुर मंडल में सबसे ज्यादा 1,329 उड़ानें हुईं। रायगढ़ा में 1,024 और खुर्दा रोड मंडल में 680 उड़ानें भरी गईं। इनमें से 1,265 उड़ानें संवेदनशील स्थानों की सुरक्षा के लिए थीं। इनके जरिये पथराव, तोड़फोड़ और केबल चोरी रोकने के साथ आग लगने के खतरे पर भी नजर रखी गई। ड्रोन में नाइट विजन और थर्मल कैमरे लगे हैं। इनकी मदद से रात में भी निगरानी की जा सकती है। जंगलों, पहाड़ी इलाकों, सुरंगों, पुलों और सुनसान रेलखंडों पर इनका इस्तेमाल किया जा रहा है। रेलवे स्टेशनों, कोचिंग यार्ड और महत्वपूर्ण परिसरों की निगरानी भी इनके जरिये होती है। ईस्ट कोस्ट रेलवे के मुताबिक, पुरी में 2026 की रथ यात्रा के दौरान भीड़ प्रबंधन में ड्रोन से मदद मिली।